बिहार शिक्षा परियोजना, नालन्दा
नालंदा कॉलेजिएट,(दूसरा तल्ला),गढ़पर
बिहारशरीफ,नालन्दा – 803101

Bihar Education Project, Nalanda
Nalanda Collegeate, (2nd Foor) Garhpar
Biharsharif, Nalanda-803101

पत्रांक SSA/KGBV/........1835   दिनांक.22..../.05../2026

कार्यालय आदेश

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् पटना का पत्रांक–2215 दिनांक–27.04.2026 के आलोक में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों का नियोजन होना है। मुख्यालय स्तर पर नालन्दा जिला अन्तर्गत KGBV के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के नियोजन हेतु Online आवेदन प्राप्त किया गया था। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के द्वारा जिला को उपलब्ध कराये गये आवेदनों की सूची NIC के वेबसाइट एवं कार्यालय के वेबसाइट **www.bepssanalanda.org** पर प्रकाशित किया गया है।

इस संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला नियोजन समिति की बैठक दिनांक 14.05.2026 को की गई। बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में सभी आवेदकों का काउंसलिंग की प्रक्रिया की जानी है। उक्त के आलोक में काउंसलिंग दिनांक–25.05.2026 से 29.05.2026 के बीच पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक निम्न तालिका के अनुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय नालन्दा के कैंपस में आयोजित किया जाएगा।

क्र0सं0	तिथि	पद	आवेदको की सं0	अभ्युक्ति
1	25.05.2026	अनुसेवक (आदेशपाल)	1125+10 =1135	वर्ष 2022 एवं 2026 में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी
2	26.05.2026	रात्रि प्रहरी	क्र0 सं0 1 – 1000 तक (2022 के अभ्यर्थी)	वर्ष 2022 में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी
3	27.05.2026	रात्रि प्रहरी	क्र0 सं0 1001 –1983 तक (2022 के अभ्यर्थी) +39 (2026 के अभ्यर्थी)	वर्ष 2022 एवं 2026 में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी
4	29.05.2026	मुख्य रसोईया	493+15 = 508	वर्ष 2022 एवं 2026 में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी
		सहायक रसोईया	297+34 = 331	वर्ष 2022 एवं 2026 में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी

4. सभी अभ्यर्थी को निदेश है कि उक्त समय तालिका के अनुसार निर्धारित तिथि को काउंसलिंग में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे, विलंब अथवा काउंसलिंग छुटने की सम्पूर्ण जवाबदेही अभ्यर्थी को होगी।
5. अभ्यर्थियों को निदेश है कि Online आवेदन के समय जो अभिलेख संलग्न किये थे, उसकी मूल प्रति काउंसलिंग के समय किये गए Online आवेदन पत्र, 02 फोटो, उसके साथ संलग्न **शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र एवं आधार कार्ड** की मूल प्रति एवं मूल प्रमाण–पत्र के स्व–प्रमाणित छायाप्रति साथ लेकर आयेंगे।
6. काउंसलिंग हेतु कार्यालय आदेश एवं पदवार अभ्यर्थी की सूची एवं उनकी काउंसलिंग की तिथि, समय एवं स्थान जिले के वेबसाइट (httpr://nalanda.nic.in) एवं बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, नालन्दा के वेबसाइट (**www.bepssanalanda.org**) पर प्रकाशित किया गया है, जहाँ संबंधित अभ्यर्थी अपने काउंसलिंग की तिथि/समय/स्थान आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही सभी अभ्यर्थियों को आवेदन में दिये गए मोबाईल नं0 पर काउंसलिंग की सूचना प्रेषित की जा रही है।

PH- 06112-233363, fax- 06112-235163, www.bepssanalanda.org Email- ssanalanda@gmail.com Manish Kumar.(SSA)
शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान

बिहार शिक्षा परियोजना, नालन्दा
नालंदा कॉलेजिएट,(दूसरा तल्ला),गढ़पर
बिहारशरीफ,नालन्दा – 803101

Bihar Education Project, Nalanda
Nalanda Collegeate, (2nd Foor) Garhpar
Biharsharif, Nalanda-803101

अनुलग्नक :–

5. 2022 रात्रि प्रहरी पद हेतु अभ्यर्थी की सूची (2022 में 1983 एवं 2026 में 39)।
6. 1135 अनुसेवक पद हेतु अभ्यर्थी की सूची (2022 में 1125 एवं 2026 में 10)।
7. 508 मुख्य रसोईया पद हेतु अभ्यर्थी की सूची (2022 में 493 एवं 2026 में 15)।
8. 331 सहायक रसोईया पद हेतु अभ्यर्थी की सूची (2022 में 297 एवं 2026 में 34)।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा० शि० एवं समग्र शिक्षा, नालन्दा।

ज्ञापांक SSA/KGBV/....1835.... बिहारशरीफ,दिनांक....22../...05.../2026

प्रतिलिपिः– संबंधित सभी पद के अभ्यर्थी को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि तिथि अनुसार सभी अभ्यर्थी अपने–अपने मूल अभिलेख के साथ ससमय Counselling में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः– KGBV में कार्यरत सभी अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– संचालक / वार्डेन के0जी0बी0वी0 जिला–नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– प्रभारी प्रधानाध्यापक नालन्दा कॉलेजिएट +2 उच्च विद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि उक्त कार्यक्रम हेतु आवश्यकतानुसार कमरा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपिः– अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक, नालन्दा एवं MIS प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी–सह–प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी / सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, नालन्दा को सूचनार्थ प्रेषित। जिला नालन्दा अन्तर्गत KGBV के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के नियोजन हेतु ऑन लाईन आवेदनों की सॉफ्ट कॉपी को संलग्न करते हुए अनुरोध है कि संबंधित आवेदनों को NIC के वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपिः– जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालन्दा को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, नालन्दा को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा० शि० एवं समग्र शिक्षा, नालन्दा।

22/05/2026

PH- 06112-233363, fax- 06112-235163, www.bepssanalanda.org Email- ssanalanda@gmail.com Manish Kumar.(SSA)

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान